July, 2025

Vol.1, Issue 21

जन्मदिन विशेषांक

# Sh. L. R. BALLEY



Lahori Ram Balley delivering speech at Burlton Park, Jalandhar

"BHEEM PATRIKA PAYS TRIBUTE TO SH. L. R. BALLEY ON HIS BIRTHDAY

---

A FOUNDER, A LEADER, & AN INSPIRATION."



BHEEM PATRIKA
भीम पत्रिका
Vol.1, Issue 21



L.R. Balley is a counselor, ombudsman, political organizer, spiritual leader , historian and educator **–Mark Juergensmeyer**

## From Editor`s Desk

# A True Torchbearer of Baba Saheb: Tributes to Sh. Lahori Ram Balley Ji



Dr. Rahul Kumar Balley
M.A., PhD

**July 6, 2023** was a day when beloved **Shri Lahori Ram Balley**, an associate of Barat Ratna Baba Saheb Dr. B.R. Ambedkar and former Editor of 'Bheem Patrika' left us.

He was a kind father; respectable, fearless, honest leader; staunch Ambedkarite and practicing Buddhist. He met Baba Saheb Dr. B. R. Ambedkar at his residence in New Delhi and pledged that he would carry forward Baba Saheb caravan. After the death of Dr. Ambedkar on 6 December 1956, Balley ji resigned from government job and took the challenge and started Bheem PatrikaPublications in 1958 to educate the masses about Dr. Ambedkar`s contribution for the upliftment of Dalits.


From 1958 to 2023 Balley ji worked hard without fear and pressure to spread the message of Dr. Ambedkar throughout India and abroad. He was a devoted follower of Dr. Ambedkar who sacrificed his whole life for Baba Saheb mission.


Balley ji authored more than 200 books in Hindi, Punjabi, Urdu and English. The literature produced by Balley ji made an indelible impact on the heart and mind of the people. A well-read scholar and authority on Buddhism Dr. Surendra Ajnat and his wife Mrs. Soma Sablok contributed a lot in writing several books, pamphlets for Bheem Patrika Publications. They stood by Balley ji like a rock till his last breath.

From 1964 agitation to several legal cases on his books, Balley ji fought for the rights of depressed people and their emancipation. Balley ji went to jail along with his wife late Mrs. Ajit Kaur Balley, daughter Mrs. Sujata Sallan and elder son Dr. Rahul Kumar Balley.

Baba Saheb Dr. Ambedkar visited Jalandhar in 1951. Balley ji along with several other prominent persons purchased a piece of land where Dr. Ambedkar held a huge public meeting. Balley ji was a founding trustee of Ambedkar Bhawan Trust Jalandhar (Regd). Today, Ambedkar Bhawan in Punjab is a centre of activities.




BHEEM PATRIKA
भीम पत्रिका
Vol.1, Issue 21
July, 2025
जन्मदिन विशेषांक


















**Tribute to Dhamma Upasak Madan Saroje ji**

We are deeply saddened to hear about the demise of Dham Upasak Madan Saroje ji. They were true followers of Baba Sahib's mission, who spent their whole life embracing the values of compassion, generosity and righteous deeds.
Their generosity was profound - not only in material gifts, but also in their unwavering dedication to service, time and efficient work. They lived as an example of what it means to walk the path of Buddhism with integrity and selflessness.
May their virtuous works lead them to attain supreme peace, nirvana, with the blessings of the three gems: Buddha, Dhamma and Sangha.
We honour their legacy. We appreciate their contributions. We bow with respect.

Without social union, political unity is difficult to be achieved. If achieved, it would be as precarious as a summer sapling, liable to be uprooted by the gusts of a hostile wind. With mere political unity, India may be a State.

**- Dr. B. R. Ambedkar**

## Dictatorship

Dictatorship for a short period may be good and a welcome thing even for making democracy safe. Why should not Dictatorship liquidate itself after it has done its work, after it has removed all the obstacles and boulders in the way of democracy and has made the path of Democracy safe. Did not Asoka set an example? He practised violence against the Kalingas. But thereafter he renounced violence completely. If our victors to day-day not only disarm their victims but also disarm themselves there would be peace all over the world.
(Ambedkar Vol. 3 p. 459).

## Calling other scriptures as 'false' and one's own as 'true

Calling other scriptures as 'false' and one's own as 'true' is also not correct in itself. When you have not read them, then declaring that all other scriptures are false just to save your selfish interests is not a healthy approach. This only creates a situation of lack of communication, which gives rise to mutual distrust and hatred. Due to this lack of communication between Buddhists and Jains and Manusmriti and other such scriptures, foreign invaders continued to receive respect here. Due to the fanaticism of Shalishuk Jain, when Demetrius Bactri of Bactria attacked, others welcomed him by calling him Dharmamitra. In the Yugpuran of Gargi Samhita, where this attack is described, Demetrius has been written as Dharmamitra (Dhammeet), whereas after Demetrius' son-in-law Minander became a Buddhist, the Buddhists instigated him to attack the Brahmin empire of Pushyamitra Shunga due to this lack of communication. The Shakas were also invited by the Jains against the Brahmins. Due to this lack of communication, the Buddhists sided with the enemy of King Dahir during Muhammad bin Qasim's invasion of Sindh in 712.Sharma S.K, (2010), Manusmriti in 21st Century Vishv Vijay Pte. Ltd.p. 382.

## Unemployment in India

As per the monthly Periodic Labor Force Survey, the all-India unemployment rate rose to 5.6 per cent in May from 5.1 per cent in the previous months , with a sharper increase in rural areas vis-a-vis urban areas.

## अम्बेडकर और बौद्ध धम्म बीज बोने वाले एल आर बाली साहब ही हैं ?

क्या यह सच नहीं कि पंजाब में बाबा साहेब डॉ: अम्बेडकर और बौद्ध धम्म बीज बोने वाले एल आर बाली साहब ही हैं ? जिन्होंने बाबा साहेब के परिनिर्वाण के बाद निर्णय किया कि मैं बाबा साहब के मिशन का आखरी साँस तक प्रचार प्रसार करूंगा। उन्होंने यह 100% किया। आज बौद्ध धम्म और बाबा साहेब के मिशन का मील पत्थर विदेशों में है, वो बाली साहेब के परिश्रम का नतीजा हैं ? बहुत मिशनरियों के बच्चे कोई इधर कोई उधर भटक रहा है, जबकि बाली साहेब के बच्चे ही नहीं उनके बच्चों के बच्चे भी धम्म और बाबा साहेब मिशन में योगदान दे रहे हैं । आने वाले सौ साल में भी बाली साहेब जैसा पैदा होना कठिन है।- **Dr. Harbans Virdee**

## National Award in honor of Mr. Balley

**Sh. L. R. Balley** contributed to the continuance of Dr Ambedkar's thought and legacy. It is to his credit that a generation of Punjabi Dalits embraced Dr Ambedkar's path of Buddhism and maintained his legacy without faults. The work for the next generation is yet to happen since the propagation of Bahujan history is limited to digital avenues. The print culture of Bahujan media needs sponsorship and support by the patrons who see a possibility of a collective future.

I was honored to start a National Award in honor of Mr. Balley when he was alive. Our intention behind this was to recognize the young man's service that he contributed to our history and our movement. We also need capable generals like Balley to take us through the tumult of cultural and intellectual imbalance that we face in the rising age of anger and distrust

**- Dr Suraj Yengde**

## The Indian Economy is in shambles.

Stagnant wages, distributed GST structure and sharpening inequalities have attacked the Indian economy and the growth is very slow. Modi Government`s own survey indicates that private sector capital expenditure may well be 25 percent lower in 2025 -26 as compared to the previous year( The Asian Age, 29.06.2025)

## Congratulations to Prof Saroj Rani



PROF. SAROJ RANI
MPHIL, PHD

Congratulations to **Prof. Saroj Rani, MPhil, PhD** from Jawaharlal Nehru University, **Daughter - in -law of respected Shri Lahori Ram Balley ji**, former editor of Bheem Patrika. She teaches economic in Maitreyi College, University of Delhi. She is a respected teacher among her students. Many students under her guidance and teaching joined civil services and serving the nation. Prof Saroj is an inspiration and mentor to many in her social life.

**Prof. Saroj** is MA in music. She is versatile and wears many hats. Today her late father respected Shri Harbans Dass ji is proud of her . He was the one who stood by her despite hardships to send her to Punjab University to obtain higher education. We all members of family congratute her on becoming Professor . We wish her good health and a purposeful life to serve the country.


## भुवनेश शौर्य की गौरवपूर्ण व स्मरणीय सेवानिवृत्ति





On behalf of the entire **Bheem Patrika** family, we extend our heartfelt gratitude to **Sh. Bhuwnesh Shaurya Ji** for his generous donation of **₹5,000** on the occasion of his retirement.

Thank you for supporting **Bheem Patrika.**

We wish you a fulfilling and joyful retirement ahead!







मेरे छोटे भाई **भुवनेश शौर्य, ड्वल्पमेंट ऑफिसर, भारतीय जीवन बीमा निगम, बीकानेर** की 30 जून, 2025 को गौरवपूर्ण व स्मरणीय सेवानिवृत्ति पर हम बहुत-बहुत हार्दिक बधाई व आशीर्वाद एवं स्वस्थ, सुखी व दीर्घायु जीवन की मंगल कामनाएं करते हैं.

आपने 34 वर्षों तक अपनी ईमानदारी, समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और सेवाभाव से भारतीय जीवन बीमा निगम को मार्केटिंग क्षेत्र में उच्च उपलब्धियों भरा स्मरणीय व अमूल्य योगदान दिया, जो सदैव स्मरणीय रहेगा.

आयु. भुवनेश शौर्य द्वारा मार्केटिंग के क्षेत्र में अपने सेवा काल में समय-समय पर अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसे भारतीय जीवन बीमा निगम के उच्चा- धिकारियों द्वारा उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. अपने विभाग के मार्केटिंग क्षेत्र का लम्बा अनुभव, विनम्रता, मिलनसार तथा हंसमुख स्वभाव है. जीवन में एक व्यक्ति अपने विभाग से बेलाग व बेदाग सेवानिवृत्त हो जाए, तो उसे अपने जीवन में सबसे बड़ी संतुष्टि मिलती है. जो उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है और यह बहुत कम लोगों को ही मिलती हैं.

इसके अलावा सर्विस में रहते हुए अभी तक बौद्ध/अंबेडकरी मिशन में वे अपनी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे है तथा जरुरतमंद को यथासंभव आर्थिक सहयोग भी प्रदान करते आ रहे हैं और वर्तमान में ऑल इंडिया समता सैनिक दल के राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष है.

उक्त सेवानिवृत्ति कार्यक्रम की शुरुआत भन्ते नागवंशी, बीकानेर द्वारा बुद्ध-वंदना के साथ की गई.

हम पुनः मंगल कामना करते हैं कि उनका आगामी जीवन चरण प्रसन्न, स्वस्थ व सुखमय हो.

**...प्रस्तुति- एस आर शौर्य.**

## The world is under nuclear threat

The world now possesses over 12,000 nuclear warheads, with active stockpiles increasing. Global spending on nuclear weapons exceeded $100 billion in 2024. (The Asian Age,29.06.2025)

## Global State of Democracy - A Sharp Decline

According to IDEA`s Global State of Democracy report , 82 countries experienced democratic backsliding in at least one key indicator over the past five years. This represents the seventh year in a row of net global democratic decline , the longest interrupted period since records began in 1975. In 2024 alone , the world saw 61 conflicts across 36 countries which is the highest recorded figure since 1946.( Manish Tewari, is a third Lok Sabha MP and former Union Minister, The Asian Age, 29.06.2025).



8 दैनिक लास्ट लाईन न्यूज़ विशेष 7-7-2023

ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਿਤਾਬਾਂ ਚ ਜ਼ਿੰਦਾ ਰੱਖਣ ਵਾਲਾ ਐਲ ਆਰ ਬਾਲੀ ਹੋਇਆ ਅਮਰ

ਬੋਧੀ ਲੀਡਰ ਬਾਲੀ ਜੀ ਸਦੀਵੀ ਵਿਛੋੜਾ ਦੇ ਗਏ

ਲਾਸਟ ਲਾਈਨ ਨਿਊਜ਼ 97175-46063

ਸੋਹਨ ਲਾਲ ਸਾਪਲਾ ਪ੍ਰਧਾਨ ਡਾ ਅੰਬੇਡਕਰ ਮਿਸ਼ਨ ਸੁਸਾਇਟੀ ਜਰਮਨੀ

## Historical decision taken in Patna





Mahabodhi Mahavihar's movement will be held now people took responsibilities in a fast democratic way Seven Sutri program proposal passed.

## Bengaluru Welcomes Venerable Sanghasena Bhanteji






Today, we had the privilege of welcoming Most Venerable Sanghasena Bhanteji, Founder & President of Mahabodhi International Meditation Center, Ladakh UT.

BHEEM PATRIKA भीम पत्रिका
Vol.1, Issue 21

# Contemplation Camp across Mahabodhi Mahavihar Mukti Movement






Today, on 28/06/2025, at **YBS Center Sankisa, Youth Buddhist Society of India President Suresh Chandra Boudh ji** organized a one day contemplation camp across Mahabodhi Mahavihar Mukti Movement, in which worshiper Akash Lama led the movement, chief guest monk Dr. Chandrakirti, special guest and hundreds of people. In the number of dignitaries and worshipers participated. The camp was a complete success. Best wishes to all.

# Shyam Verma spokesperson State Congress Committee Rajasthan



Dr. Ravi Prakash Mehra & Shyam Verma

Dr. Ravi Prakash Mehra -IPS officer of 1990 batch Retired from the post of Director General of Rajasthan Police (DGP) on 30 June 2025, he took additional charge as acting DGP on 10 June 2025, when former DGP Utkal Ranjan Sahu was appointed President of Rajasthan Public Service Commission (RPSC). Mehra was previously the Director General of Anti-Corruption Bureau (ACB).

During his 20-day tenure, he emphasized strengthening the law and order, strict action against crime control and corruption. He was known for his immaculate image and rigorous administrative approach. On retirement, grand farewell ceremony held at Rajasthan Police Academy (RPA) and ACB Headquarters in their honour, including parades and traditional rituals.

Mehrada appreciated the loyalty of Rajasthan police in her farewell speech and advised the police to stay technically updated in facing challenges like cybercrime.

His academic record includes BA Honors in Economics, MPhil in Social Science, PhD and MBA. Jaipur resident Mehra also served as Inspector General of Police (IG) and Deputy Inspector General (DIG) in Central Reserve Police Force (CRPF).

I wish her bright future on the occasion of retirement.

**Shyam Verma spokesperson State Congress Committee Rajasthan.**

" यदि कोई ऐसी बात है, जो बुद्ध के बारे में बड़े ही विश्वास के साथ कही जा सकती हैं तो वह यह है कि वे कुछ नहीं थे, यदि उनका कथन बुद्धिसंगत, तर्कसंगत नहीं होता. इसलिए जो कुछ भी बुद्धिसंगत हैं और तर्क-संगत है, अन्य बातें समान होते हुए उसे 'बुद्ध-वचन के रूप में लिया जा सकता है."-**बुद्ध**

----------

"If there is anything which could be said with confidence it is. He was nothing if not rational, if not logical. Anything therefore which is rational and logical, other things being equal, may be taken to be the word of the Buddha."-**Buddha**.

# प्रथम प्रदेश कार्यकर्ता समीक्षा बैठक, डीपीसीसी, नई दिल्ली में आयोजित की गई।




कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेंद्र पाल गौतम जी ने डीपीसीसी में श्रोताओं को संबोधित किया। उन्होंने बहुत बढ़िया बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा किस तरह निजीकरण को लागू करने की कोशिश कर रही है, श्री गौतम जी पढ़े-लिखे नेता हैं। वे एक अच्छे वक्ता हैं। उन्होंने कार्यसमिति के सदस्यों को सलाह दी कि वे पार्टी को मजबूत करने के लिए मिलकर कैसे काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी जी ईडी, सीबीआई से नहीं डरते। राहुल गांधी 2029 में सरकार बनाएंगे।

# उत्तर प्रदेश में विशाल विचार संगोष्ठी का आयोजन





दिनांक 01 जून 2025 को ग्राम भूप सिंह नगला , जिला अलीगढ़ में विशाल विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ऑल इंडिया समता सैनिक दल उत्तर प्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष आयुष्मति संघमित्रा बौद्ध मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति में हुईं। ऑल इंडिया समता सैनिक दल उत्तर प्रदेश इकाई के महासचिव आयुष्मान रंजीत कुमार गौतम बतौर मुख्य वक्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। और ऑल इंडिया समता सैनिक दल के उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आयुष्मति नीतू सिंह जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं। साथ ही ऑल इंडिया समता सैनिक दल उत्तर प्रदेश के सदस्य राघव सिंह और पीयूष देव भी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। आयुष्मान छीतर सिंह शास्त्री व आयुष्मान नगेंद्र बौद्ध भी बतौर विशिष्ट अतिथि इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रध्देय संघमित्रा बौद्ध ने महिलाओं पर विशेष प्रकाश डालते हुए बाबासाहेब अंबेडकर एवं माता रमाबाई से प्रेरणा लेते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव हेतु प्रेरित किया। मुख्य वक्ता श्रध्देय रंजीत कुमार गौतम ने बहुजन समाज के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान में सुधार व उज्जवल भविष्य का निर्माण हेतु प्रेरित किया। रंजीत कुमार गौतम ने बाबा साहेब अंबेडकर व तथागत बुद्ध से प्रेरणा लेते हुए समाज व देश में सकारात्मक परिवर्तन हेतु समाज को प्रेरित किया। आयुष्मति नीतू सिंह जी आयुष्मान राघव सिंह ने लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक व प्रेरित किया। श्रध्देय छीतर सिंह शास्त्री व आयुष्मान नगेंद्र बौद्ध ने भी बाबासाहेब अंबेडकर जी के जीवन संघर्ष से लोगों का अवगत कराया। आयुष्मान रंजीत कुमार गौतम के द्वारा बाबा साहब आंबेडकर जी की पुस्तकें उपस्थित छात्रों में वितरित की गई। यह कार्यक्रम संघ भूमि के तत्वाधान में आयोजन किया गया था इसके संस्थापक छीतर सिंह शास्त्री जी हैं.... जिन्होंने अपनी पांच बीघे जमीन संघ भूमि के लिए दान किया है जिसके माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों के लिए निशुल्क कोचिंग सेंटर वह पुस्तकालय की स्थापना की जा सके...। आयुष्मान जसवंत सिंह , आयुष्मान महेंद्र सिंह , आयुष्मान राजेश कुमार , आयुष्मान ऋषि पाल , श्रध्देय छीतर सिंह शास्त्री व आयुष्मान नगेंद्र बौद्ध इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक थे जो सदैव सराहना वह प्रशंसा के पात्र हैं।

# जनपद कानपुर में विचार संगोष्ठी का आयोजन






दिनांक 15 जून 2025 को महर्षि दयानंद विहार , फेज वन , कानपुर में आल इंडिया समता सैनिक दल , उत्तर प्रदेश इकाई के तत्वाधान में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का दल के होनहार व समर्पित सदस्य श्रध्देय राघव सिंहने इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आयुष्मान रोहित कुमार और बतौर मुख्य वक्ता आयुष्मान रमेश बाबू उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में सभी प्रमुख अतिथि व प्रमुख वक्तागण में बाबासाहेब अंबेडकर के विचारधारा को आगे बढ़ाने व मिशन मूवमेंट को मजबूत करने हेतु संबंधित विचार प्रस्तुत किया। आयुष्मान राघव सिंह ने उपस्थित समस्त लोगों को बाबा साहब अंबेडकर और तथागत बुद्ध के जीवन संघर्ष से लोगों को अवगत कराया और साथ ही बाबा साहब अंबेडकर के मिशन व कारवां को कैसे आगे बढ़ाया जाए इस संबंध में सभी को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के उपरांत कानपुर में आगामी 6 जुलाई और 20 जुलाई 2025 को श्रद्धेय एल आर बाली साहब जी की पुण्यतिथि और जन्म दिवस मनाने का भी निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विधवत व सुचारू रूप से आयुष्मान राघव सिंह ने किया।

# महाबोधी महाविहार मुक्ती आंदोलन बुधगया






महाबोधी महाविहार मुक्ती आंदोलन बुधगया में आल इंडिया समता सैनिक दल, घुगुस जिला चंदपूर महाराष्ट्र के निम्नलिखित सैनिको ने दिनांक 17.06.2025 को भेट देकर समर्थन किया है. **1.Sohan Patil. 2.Santosh kamble 3. M.k.Sawaji 4. Manohar kawade 5. Namdev Chandankhede 6. S.I.Thamke**

# Delegation from Maharashtra visiting London






Celebration of double doctorates awarded to **Suraj Yengde** for his unique achievement. Prachi Patankar daughter of well known author Gail. I Omvedt and Bharat Patankar. Ram Pal Rahi, C.Gautam and Mrs.Herikar honouring Dr. Suraj. Along with our admin members, 40 Buddhist from Mumbai.

## हमारे पिता, हमारे प्रेरणा स्रोत

6 July 2023 को हमारे पिता **श्री लाहौरी राम बाली** हमारे सुपर हीरो हमें हमेशा के लिए अलविदा कह कर चले गए , वो मनहूस दिन हमारी जिंदगी का सबसे दुखदाई दिन था । हर रोज उनके चाहने वाले उनके काम याद दिला कर उनकी याद ताजा करते रहते है ।उनकी निडरता इस बात को प्रूव करती थी कि वे बाबा साहिब जी के सच्चे सिपाही थे, उनकी सादगी किसी भिक्षु से कम न थी ।

ऐसे पिता को कोटि कोटि प्रणाम । ऐसे लोग जो समाज की पीड़ा को समझते हो और उसके लिए लड़ते रहते हो उनका नाम हमेशा रोशन रहता है। हर दिन उनकी कमी महसूस होती है। आपको कोटि कोटि प्रणाम.

**- Sujata Sallan, Canada**



Sujata Sallan with Father Sh. Balley Ji

## स्मृतिशेष एल आर बाली साहब के साथ मेरी कुछ यादें/संस्मरण-

-------------------------

(1) स्मृति शेष **बाली साहब** से मुझे सन् 1982 में अंबेडकरभवन दिल्ली मेंऑल इंडिया समतासैनिक दल की केंद्रीय कार्यकारिणी कीसभा में उनसे पहली बार मिलने, उन्हें सुनने का सु-अवसर मिला. इसके बाद में कई बारपुनः मिलने व उनके भाषणों को समय-समय सुनने कामुझे अवसर मिला. मैंने उनमें उनके विद्वत्ता- पूर्ण भाषणोंमें वो कसक, वो बुलंदआवाज को पाया कि उसे सुनकर-"मुर्दे भी जिंदा हो जाए."

(2) सन् 1986-87 में मैंने भीम पत्रिका में "शुद्ध अंबेडकरी' शब्द लिखा पाये पर एक बार जबवे सन् 1988 मेंपाली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय छठे अधिवेशन की पूर्व तैयारी में पाली आए हुए थे, तब बातों-बातों में मैंने उनसे पूछ ही लिया कि आप पहले भीम पत्रिका में 'अंबेडकरी" शब्द लिखते थे और अब "शुद्ध अंबेडकरी" शब्द का प्रयोग करने के पीछे आपका क्या मंतव्य है? इस पर वे बोले कि पहले के लोग डॉ बाबा साहेब अंबेडकर में उनकी अगाढ़ श्रद्धा व निष्ठा होने से वे उनकी विचारधारा को अपने जीवनमें अपनाने केकारण वे आगे बढ़े, पर अब तो यह इसका उल्टा हो जाने के कारण, अब मैंने उक्त शब्द -शुद्ध अंबेडकरी का उल्लेख करना शुरू कर दिया.



आयु. भुवनेश शौर्य

(3) मैं, डॉ एच आर गोयल साहब व मेरे छोटे भाई भुवनेश, सन् 2002 में जालंधर में ऑल इंडिया समता सैनिक दल के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए थे. उस दौरान हम आद. बाली साहब के निवास पर उनसे मिलने गये. हम जब उनके स्टडी रूम में बैठे थे तो मेरी नजर उनकी टेबल पर पड़ी जहां "बुद्ध और उनका धम्म" ग्रंथ रखा हुआ था तो, मैंने उनसे एक सवाल किया कि बाली साहब आप क्या अभी भी उक्त ग्रंथ को पढ़ते हैं? आपने तो उक्त ग्रंथ को बहुत पहले ही पढ़ लिया होगा. इस पर वे बोले कि- शौर्य, -"मैंने उक्त महान् ग्रंथ को अभी तक 14 बार पढ़ लिया है, इसे मैं फिर 15वीं बार पढ़ने के लिए प्रथम पेज से फिर शुरू करूंगा, इसे मैं जितनी बार पढ़ता हूं, उतने ही मेरे ज्ञान में बढ़ोतरी होती है, इससे मेरी बुद्धि तीक्ष्ण होती है." यह सुनकर, मैं तो दंग रह गया!

(4) सन् 1988 में पाली में दल के दल के छठे राष्ट्रीय अधिवेशन की पूर्व तैयारी के दौरान जब आद. बाली साहब पाली में थे तो उस समय हमें कुछ खाली फॉर्मस डॉ अंबेडकर साहित्य पुरुस्कार प्राप्त करने वाले इच्छुक लोगों द्वारा उक्त फॉर्मस भर कर भेजने के बारे में पत्र मिला तो, उसे हमने आद. बाली साहब को दिखाया तो, वे बोले कि आपको 20- 20 रुपए में ऐसे कितने पुरुस्कार चाहिए? उन्हें पैसे भेजो और पुरुस्कार प्राप्त करो! इस पर हमारा मन बड़ा खिन्न हुआ और फिर उक्त फॉर्मस हमने भेजने से रोक दिये व फिर उन्हें नहीं भेजे. फिर इसके बाद सन् 1992 में भीम पत्रिका में एक न्यूज़ छपी कि जिसमें बाली साहब स्वयं ने लिखते हैं कि -"मैंने पुरस्कार (डॉ अंबेडकर राष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार) लेने से मना कर दिया" और भीम पत्रिका में उसका सविस्तार कारण वर्णित किया गया.

(5) एक बार सन् 1987 में, मैं स्वयं व बाली साहब के साथ था और सवेरे-सवेरे हम जल्दी बिना कुछ खाए बाड़मेर से जोधपुर के लिए रवाना हो गए. रास्ते में उन्होंने कुछ केले खरीदे, कुछ केले मुझे भी दिए, उसे मैंने भी खाए और कुछ उन्होंने भी खाए. मैंने उनसे बोला कि अपन रास्ते में और कुछ खा लेंगे. इस पर वे बोले मैं बाहर का कुछ भी नहीं खाता हूं. मेरे जीवन में कई ऐसे अवसर आए, कई बार तो मैं भूखा- प्यासा रहा और मैंने ऐसे ही अंबेडकर-मिशन की सेवा में हमेशा तत्पर रहा, क्योंकि मैंने डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर को वचन दिया कि- "मैं अंबेडकर मिशन की जीवन पर्यंत सेवा करूंगा."

और ऐसे आद. बाली साहब के बारे में कई प्रसंग/ संस्मरण हैं, जब कभी याद आते रहेंगे और उन्हें लिखते रहेंगे.

**...प्रस्तुति- एस. आर. शौर्य**

BHEEM PATRIKA
भीम पत्रिका
Vol.1, Issue 21
July, 2025
जन्मदिन विशेषांक
SH. L. R. BALLEY



**श्री एल. आर. बाली साहब**
**20-07-1930 — 06-07- 2023**

# हम कैसे कहें अलविदा आपको

**श्री एल. आर. बाली साहब के स्मृति में .........**



**रंजीत कुमार गौतम**
**B. A. , M. A. LL.B.**

● मुझे अब भी यह विश्वास नहीं हो रहा है कि अनगिनत लोगों के अंधेरी जीवन में प्रकाश करने वाला प्रकाश पुंज अब सदैव के लिए अस्त हो चुका है।

● मुझे अब भी यह विश्वास नहीं हो रहा है कि वह योद्धा जिसने कमजोर वर्गों को ताकत प्रदान कर उन्हें बलिष्ठ बनाता था ताकि वे विभिन्न परिस्थितियों से सामना कर सकें । आज वो स्वयं ही निर्जीव अवस्था में है !

● मेरा हृदय अब भी यह स्वीकार नहीं करता है कि वो शेर जैसी दहाड़ अब वो हमेशा के लिए शांत हो चुका है । , जो अब कभी न गरजेगा।

● मुझे अब भी ये विश्वास नहीं हो रहा है कि जिनके कलम के स्याहियों ने बड़े-बड़े सियासतदारों को धराशाही किया । , अब वो स्याहियां पूर्ण विराम ले चुकी है!

● मुझे अब भी ये विश्वास नहीं हो रहा है कि जो महामानव अपने ओजस्वी वक्तव्यों से और अपनी लेखनी से समाज और इस देश को स्वर्णिम दिशा प्रदान करता था अब वो सदैव के लिए तत्वलीन हो गया।


● मुझे अब भी विश्वास नहीं कि जो योद्धा अंबेडकरवाद को जिंदा रखने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन किया , अब मात्र ऐतिहासिक पृष्ठों पर स्वर्णिम अक्षरों में विद्यमान रहेगा।

यह अविश्वसनीयता इसलिए है क्योंकि अभी तो कुछ महीना पहले ही अप्रैल माह में बाली साहब से मिलकर तो आए थे। और विभिन्न विषयों पर उनसे ढेर सारी लंबी चर्चाएं भी हुई और विगत जून 2023 में उनसे हमारी फोन पर बात भी हुई थी । परंतु मुझे क्या पता था कि उनसे यह बातें और मुलाकात अंतिम रूप धारण कर लेगा और06 जुलाई 2023 को इस मानव जगत से वो सदैव के अलविदा हो जाएंगे। उनका तेज स्वरूप चित्र आज भी मेरे मन और मस्तिष्क पर छवियुक्त व विराजमान हैं जो कभी हटने वाला नहीं है।
20 जुलाई 1930 को पंजाब के नवांशहर ( शहीद भगतसिंह नगर ) में जन्मे श्री एल. आर. बाली साहब एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे जो विभिन्न परिस्थितियों से एक शेर की तरह लड़े और एक शेर की तरह जिये। बाली साहब एक ऐसे निष्ठावान और समर्पित अंबेडकरवादी महामानव थे जो किसी के सामने न ही झुके , ना ही बिके और ना ही रुके। उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वह एक वज्र से भी ज्यादा कठोर थे और पुष्प के पंखुड़ियां से भी ज्यादा कोमल थे। वे एक ऐसे प्रज्वलित प्रकाश पुंजयुक्त चरित्रवान व्यक्ति थे जिनके आभामंडल से उनके इर्द गिर्द का वातावरण प्रकाशवान हो जाते थे।
श्री एल आर बाली साहब एक ऐसे महान क्रांतिकारी व्यक्तित्व थे जो अपने शायराना अंदाज में नौजवानों को प्रेरित करने के लिए अधिकतर अपने भाषणों में कहा करते थे कि —
काम है मेरा तग़य्युर नाम है मेरा शवाब ,
नारा मेरा इंकलाबो , इंकलाबो , इंकलाब।

अर्थात -जवानी की सही अर्थ क्या होना चाहिए , इसके संदर्भ में बाली साहब नौजवानों को बताते हैं कि मेरा काम है बदलाव लाना , परिवर्तन करना । मेरा नाम जवानी है । मेरा नारा इंकलाब है , इंकलाब है , इंकलाब है।
उनके इस महान चरितार्थ को मैं इसलिए वर्णन कर पा रहा हूं क्योंकि मैंने श्री एल. आर. बाली साहब के व्यक्तित्व को बड़े ही करीब से देखा है। मैंने उनकी मनोभाव को महसूस करने का प्रयास किया है। जब जब मैं उनके पास जाता था , वह स्नेह पूर्वक अपने पास मुझे बिठाते थे और बाबा साहब के मिशन - मूवमेंट से संबंधित , समाज व देश के परिस्थितियों से संबंधित ढेर सारी बातें किया करते थे। और बाबा साहब अंबेडकर के साथ उनका अनुभव और बाबासाहेब अंबेडकर के व्यक्तित्व , उनकी कार्यशैली और उनके महान चरितार्थ को भी बड़े विस्तार पूर्वक वर्णन करते थे। वे अक्सर मुझे बताया करते थे और यह बात कई बार उन्होंने अपने भाषणों में भी जिक्र किया है कि — "भारत का संविधान का मैं प्रत्यक्ष गवाह हूं , संविधान बनाने में किन-किन लोगों ने बाबा साहब की कलम रोकने की कोशिश की , किन-किन लोगों ने बाबा साहब का खिलाफत किया , बाबासाहेब अंबेडकर कैसा संविधान बनाना चाहते थे और कैसा संविधान बना पाए। " ये सारी घटनाएं मेरे सामने घटित हुई। और इस के संदर्भ में बाली साहब द्वारा लिखी गई पुस्तक "डॉ अंबेडकर और भारतीय संविधान" में बड़े ही विस्तार पूर्वक व सुनहरे अक्षरों में वर्णन किया गया है। यदि किसी पाठक को बाबासाहेब अंबेडकर और उनके द्वारा संविधान बनाने की यथार्थता के बारे में जानना है तो यह पुस्तक अवश्य पढ़ना चाहिए।
मेरा बाली साहब के साथ एक भावनात्मक संबंध था और वो मेरे आदर्श गुरु , मार्गदर्शक और अभिभावक तुल्य थे। , जिनका सानिध्य मुझे लगभग 8 वर्षों तक प्राप्त रहा । उनके छत्रछाया में रहते हुए मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने और समझने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । परंतु अब ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जो वृक्ष अब तक मुझे ज्ञान रूपी फल और छाया व शीतलता प्रदान करता रहा, अब वह वृक्ष गिर चुका है । अतः ऐसी अवस्था में गुरु विहिन व निराश्रित भरा जीवन के अलावा अब कुछ शेष नहीं।
परंतु मुझे यह पूर्ण विश्वास है कि इस आशा विहीन व अंधकार युक्त जीवन में बाली साहब के द्वारा पथ प्रदर्शित की गई दिशाएं , सिखाई गई सिध्दांतिक बातें , और उनके संघर्ष भरे जीवन की प्रेरणाएं मुझे हमेशा सही दशा और दिशा प्रशस्त करने का कार्य करेंगे। और मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। रहेंगे। श्रद्धेय श्री एल. आर. बाली साहब भले ही शारीरिक रूप से हमारे साथ में नही है , परंतु इसमें कोई संदेह कि वह हमारे मन और मस्तिष्क अथवा मनोभाव व हमारी हृदय में हमेशा विद्यमान रहेंगे। और मेरा भी यह दायित्व बनता है कि बाली साहब के बताए गए सद्मार्ग का पालन करते हुए और उनसे प्रेरणा लेते हुए , बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ाने में मैं अपना उत्कृष्ट योगदान दूं।

continue next page...

...continue page 11







**अमेरिका के जाने-माने विद्वान और समाजवादी लेखक और प्रोफेसर मार्क ज्यर्गंसमेयर ( Mark Juergensmeyer ) अपनी पुस्तक "पंजाब में धार्मिक बागी " , 1982 ( Religious rebels in the Punjab , 1982 ) में श्री एल. आर. बाली साहब के लिए लिखते हैं कि —**

L. R. Balley , who operates out of a tiny one room office in the industrial area of Jalandhar , exemplifies the dedication of that leadership. Although he is nominally only the editor of Bheem Patrika and the member of the broad of republican party of India , his role in the lower caste community , ombudsman , political organizer , spiritual leader , historian , and educator . His tiny office is crowded with visitors.[1]

[1] बाली साहब की आत्मकथा से - अंबेडकरी होने का अर्थ ( भूमिका)

अर्थात - "एल. आर. बाली , औद्योगिक नगर जालंधर में एक छोटे से कार्यालय में काम करते हैं । जो नेतृत्व की समर्पण भावना का उदाहरण है । यद्यपि वह भीम पत्रिका के संपादक और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के कार्यकारिणी सदस्य हैं । किंतु निम्न जातियों की समुदाय में उनकी भूमिका बहुविध है। वो ( बाली साहब ) लोकपाल , राजनीतिक संगठक , आध्यात्मिक नेता , इतिहासकार और शिक्षक भी हैं। उनका छोटा-सा कार्यालय मुलाकातों से भरा रहता है!"

हालांकि श्री एल. आर. बाली साहब एक जाने-माने पत्रकार , भीम पत्रिका के संपादक और सुप्रसिद्ध लेखक थे , जिन्होंने बाबा साहब अंबेडकर के मिशन - मूवमेंट से संबंधित हिंदी , अंग्रेजी , पंजाबी और उर्दू में सैकड़ो किताबें लिखकर भारत के गांव-गांव और देश-विदेश में बाबासाहेब अंबेडकर के विचारधारा और उनके मिशन - मूवमेंट को प्रचार प्रसार करने में अपना उत्कृष्ट और अतुल्य योगदान दिया।
परंतु अमेरिका के जाने-माने लेखक व विद्वान और समाजवादी नेता मार्क ज्यर्गंसमेयर के लेखनी से स्पष्ट होता है की श्री एल. आर. बाली साहब को मात्र एक लेखक के रूप में सीमित नहीं किया जा सकता। बाली साहब बहुमुखी प्रतिभा संपन्न व्यक्ति थे। वे एक महान समाज सुधारक , एक महान क्रांतिकारी योद्धा , अंधविश्वास पर करारा प्रहारक , महान अंबेडकरी विचारक व चिंतक के साथ-साथ एक महान दार्शनिक भी थे। बाली साहब समाज के कमजोर वर्गों के लिए एक बुलंद आवाज के रूप में प्रकट होते थे। शोषित और पीड़ितों को सामाजिक न्याय दिलाने में उनकी अहम भूमिका होती थी। वे अपनी कलम रुपी ब्रह्मास्त्र से बड़े-बड़े सियासतदारों , आततायियों और संविधान पर अतिक्रमण करने वाले उन्मादों को धराशाही करने का कार्य किया।

बाली साहब अक्सर अपने भाषणों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को आवाहन करते थे कि - यदि अपने आप को जिंदा रखना चाहते हो अथवा बरकरार रखना चाहते हो , तो तुम्हें अंबेडकरवाद और बुद्ध के मार्ग पर चलना होगा। वह कहते थे कि भारत की कोई भी और किसी प्रकार की समस्या क्यों ना हो , हर समस्याओं का समाधान एकमात्र अंबेडकर ही है। यदि देश की सरकारें और समाज के लोग बाबा साहब अंबेडकर के रास्ते पर चलना अथवा उनके विचारों पर अनुशरण करना प्रारंभ कर दिया तो निश्चित रूप से हमारा देश वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत , समृद्ध और उच्चतम शिखर पर स्थापित होगा।

continue next page...

BHEEM PATRIKA
भीम पत्रिका
Vol.1, Issue 21

...continue page 12



यद्यपि हिंदी , उर्दू , अंग्रेजी और पंजाबी भाषा में बाली साहब सैकड़ों किताबें के लेखक थे जिनमें से - डॉ. अंबेडकर जीवन और मिशन , डॉ अंबेडकर ने क्या किया , डॉ. अंबेडकर और भारतीय संविधान , डॉ आंबेडकर महान समाज सुधारक , अंबेडकरी होने का अर्थ - आत्मकथा , क्या गांधी महात्मा थे?, अंबेडकर मिशन अर्थात अंबेडकरइज्म , डॉ आंबेडकर के अभिभाषण ( तीन भाग) , अंबेडकरी आंदोलन की दास्तान , डॉ आंबेडकर कानून द्वारा क्रांति , डॉ आंबेडकर बनाम कार्ल मार्क्स , भारत में सांस्कृतिक क्रांति की जरूरत , बच्चों के अंबेडकर , डॉ. अंबेडकर : लंदन में ललकार और पूना पैक्ट , संविधान बना मनुस्मृति , अंबेडकर अपनाओ देश बचाओ , डॉ आंबेडकर : कलम का कमाल (दोनों भाग ) इत्त्यादि उनके द्वारा लिखी गई महत्वपूर्ण किताबें जो प्रमुख उदाहरण के रूप विद्यमान हैं । श्री एल. आर. बाली साहब के द्वारा लिखी गई महान पुस्तक "डा. अंबेडकर : जीवन और मिशन , सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथों में से एक है। यदि सही अर्थों में मैंने बाबा साहब अंबेडकर के व्यक्तित्व , उनके महान चरितार्थ और उनके विचारधारा व उनके जीवन संघर्ष को तथ्यात्मक रूप से समझ पाया हूं तो श्री एल. आर. बाली साहब के द्वारा लिखी गई महान पुस्तक "डा. अंबेडकर : जीवन और मिशन से।

अतः इस महान पुस्तक में मेरी एक गहरी आस्था है। क्योंकि इस पुस्तक ने मेरे जीवन को एक नई दिशा की ओर मोड़ दिया , जो बेहद कल्याणकारी और सम्मानपूर्ण वातावरण से युक्त है। इसी ग्रंथ ( डॉ.अंबेडकर : जीवन और मिशन ) के भूमिका में बाली साहब मसहूर शायर मिर्जा गालिब के एक शायराना अंदाज में लिखते हैं कि -" जान दी , दी हुई उसी की थी — हक तो ये है कि हक अदा न हुआ ! " इस शायराना अंदाज से बाली साहब के मनोभाव को महसूस किया जा सकता है कि बाली साहब - बाबा साहब अंबेडकर के मिशन के लिए , उनके विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए बहुत कुछ कर चुके थे और बहुत कुछ करना बाकी था और वे बहुत कुछ करना चाहते थे। परंतु अफसोस ! इस महान कार्य को गति देने के लिए उनका 93 वर्ष का दीर्घ आयु अथवा जीवन यात्रा भी उनके लिए छोटा पड़ गया।

हालांकि श्री एल. आर. बाली साहब , बाबा साहब अंबेडकर के लगभग 6-7 वर्षों तक बहुत करीब रहे। श्री नानक चंद रत्तू और बाबा साहब के एकमात्र पुत्र भय्या साहब श्री यशवंत राव अंबेडकर को वो अपना गुरु भाई मानते थे।

बाली साहब बताते हैं कि 30 सितंबर सन 1956 को बाबा साहब अंबेडकर से उनकी अंतिम मुलाकात हुई और बाबा साहब अंबेडकर के अस्वस्थ अवस्था को देखते हुए बाली साहब ने बाबा साहब को वचन दियाकि — वे जीवन के आखिरी सांस तक अंबेडकर मिशन के गति को गतिमान रखेंगे , बाबा साहब के द्वारा प्रज्वलित ज्योति को हमेशा प्रकाशवान रखेंगे। और जिस दिन अर्थात 6 दिसंबर 1956 को बाबा साहब अंबेडकर महापरिनिर्वाण हुआ , उसी दिन बाली साहब ने अपने सरकारी नौकरी से त्यागपत्र देकर , अपना संपूर्ण जीवन - बाबासाहेब के मिशन में समर्पित कर दिया। और इसमें कोई , किसी प्रकार का संदेह नहीं कि बाली साहब अपने जीवन के आखिरी सांस तक बाबा साहब अंबेडकर के मिशन में एक निष्ठावान व समर्पण भाव की तरह सेवा करते रहे।

14 अप्रैल 1958 को बाली साहब ने एक मासिक पत्रिका "भीम पत्रिका" की स्थापना की और तब से अपने जीवन के अंतिम छोर तक अर्थात जुलाई 2023 तक वे स्वयं भीम पत्रिका का संपादन करते रहे। भीम पत्रिका की पहला संस्करण उर्दू भाषा में था और फिर बाद में अंग्रेजी भाषा में हुआ और सन 1965 से आज तक हिंदी भाषा में भी संपादन करते रहे हैं । अपने इस भीम पत्रिका के माध्यम से बाबा साहेब के सामाजिक , आर्थिक , राजनीतिक व धार्मिक दर्शन को देश-विदेश में प्रचार प्रसार करते रहे। इस पत्रिका के माध्यम से देश और समाज से संबंधित विभिन्न परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए लोगों को देश की सामाजिक , आर्थिक , राजनीतिक और धार्मिक परिदृश्य से अवगत कराते थे और उनसे संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान करने हेतु लोगों को संघर्ष करने के लिए प्रोत्साहित करते रहते थे।

बाबा साहब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण के बाद बाबा साहब के द्वारा लिखी गई पांडुलिपियों को महाराष्ट्र की सरकार ने 6 बड़े - बड़े बक्सों में भरकर राज्य के सरकारी भंडार कक्ष में रखवा दिया। , वर्षों तक इन पांडुलिपियों को महाराष्ट्र की सरकार ने प्रकाशित नहीं होने दिया। बाली साहब ने इन पांडुलिपियों को प्रकाशित कराने का संकल्प लिया, और पंजाब से महाराष्ट्र जाकर , राज्य सरकार के खिलाफ बड़े स्तर का जन आंदोलन किया और इस आंदोलन के परिणाम स्वरूप 7 अक्टूबर 1976 को विवश होकर महाराष्ट्र की राज्य सरकार को यहां घोषणा करना पड़ गया कि बाबा साहब अंबेडकर के द्वारा लिखी गई समस्त पांडुलिपियों को सरकारी खर्चे से राज्य सरकार द्वारा प्रकाशित की जाएगी। तब जाकर सन् 1979 में सभी पांडुलिपियों को डॉ बाबासाहेब अंबेडकर संपूर्ण वांग्मय ( Dr Baba Ambedkar writing and speeches ) के नाम से पहला संस्करण प्रकाशित किया गया । राज्य सरकारों से लेकर केंद्र के विभिन्न सरकारों के द्वारा बाबा साहब के संपूर्ण वांग्मय विभिन्न खंडों प्रकाशित होते गए। अतः यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं कि बाबा साहेब अंबेडकर की विचारधारा को जिंदा करने और रखने में श्री एल. आर. बाली साहब की उत्कृष्ट भूमिका है ।

खाद्य पदार्थों की कमी और बढ़ती महंगाई के विरुद्ध बाली साहब ने 60 के दशक में खुराक आंदोलन ( Food Agitation ) का नेतृत्व किया और सफलता भी प्राप्त किया जिसके परिणामस्वरूप तमाम गरीबों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाये गये। पंजाब में समाज के कमजोर वर्गों और भूमिहीन दलितों को जमीने दिलवाने के लिए , राज्य से राष्ट्रीय स्तर तक का आंदोलन किया तथा इसके परिणामस्वरूप तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री से मुलाकात कर पंजाब में बड़े-बड़े भू - पतियों और सामंतवादियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए लाखों एकड़ निकासी भूमि (Evacuee land) को राष्ट्रीयकरण करवा के पंजाब के कमजोर वर्गों , गरीबों और भूमिहीनों को जमीनें दिलवाने का महानतम कार्य किया।

continue next page...

...continue page 13



बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा स्थापित अखिल भारतीय समता सैनिक दल को पुनर्जीवित करने का कार्य किया और आजीवन सदस्य और मुख्य मार्गदर्शक बने रहे। हैदराबाद के आदिलाबाद में समता सैनिक दल के तत्वाधान में बाली साहब ने समाज के कमजोर वर्गों के लिए जमीने दिलवा कर , वहां पर लुंबिनी नगर व अन्य बस्तियां बसाने का कार्य किया। समाज के कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने के लिए कई बार पंजाब के मुख्यमंत्रियो खासकर मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरो और केंद्र सरकारों से बाली साहब का जबरदस्त भिड़ंत हुआ। इसी कारण उनपर कइयों मुकद्दमे लगा दिये गये , यहां तक कि उनके दो छोटे - छोटे बच्चों और उनकी पत्नी के साथ उन्हें महीनों तक जेल में रखा गया। उनके कईयों किताबों पर प्रतिबंध लगा दिए गए । यहां तक कि उनके भीम पत्रिका कार्यालय पर कई बार छापे मारी हुई। पर क्या मजाल , बाली साहब को कोई हरा पाये , इतनी कठिनाइयां सहने के बावजूद भी अंततोगत्वा फतेह बाली साहब का ही हुआ।
बाली साहब अपनी आत्मकथा - अंबेडकरी होने का अर्थ नामक पुस्तक में लिखते हैं कि - " मैंने अंबेडकर मिशन से इश्क किया है। एक आशिक के साथ जो कुछ होता है , मेरे साथ भी वही हुआ । पुलिस की क्रूरता , हवालात में बंदी , गिरफ्तारियां , नाना प्रकार के मुकदमे , मेरी पुस्तकों पर प्रतिबंध , जुल्म - जबर और बहुत कुछ। परंतु ना में भटका , ना झुका और ना रुका। "
यद्यपि बाली साहब रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के कार्यकारिणी सदस्य और वर्षों तक राष्ट्रीय महासचिव रहे । उन्होंने 60 के दशक के दौरान लोकसभा और विधानसभा के आमचुनावों में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की ओर से उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों में कई सांसद और विधायक जिताने का कार्य किया। बाली साहब ने भी पंजाब के फिल्लौर से सन् 1962 लोकसभा का आम चुनाव लड़ा जिसमें उन्हें एक लाख चौंसठ हजार मत प्राप्त हुए । परंतु सामंतवादी व जातिवादी मानसिकता के कारण और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करते हुए मात्र बहुत ही कम वोटों से गरीबों , पिछड़ों , दलितों का प्रतिनिधित्व करने वाले बाली साहब को चुनाव हरा दिया गया।

कुछ वर्षों बाद 29 और 30 अप्रैल, सन् 1966 में RPI की केंद्रीय कार्यकारिणी की ओर से 15- जनपद , नई दिल्ली में बैठक की गई । जिसमें पार्टी के कुछ वरिष्ठ लोगों के द्वारा , जिसमें दादा साहब बी. के. गायकवाड़ प्रमुख थे - इस बैठक में कांग्रेस पार्टी से चुनावी समझौता करने का प्रस्ताव रखा गया। जिसको सिध्दांतिक कुठाराघात करार देते हुए बाली साहब ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया गया। परंतु दादा साहब गायकवाड़ कांग्रेस पार्टी को इस बैठक से पहले ही चुनावी समझौता करने का आश्वासन दे चुके थे । चुनावी समझौता करने के लिए सर्वसम्मति भी हो गई थी । बाली साहब ने कहा कि - " आज रिपब्लिकन नेतृत्व ने कांग्रेस से चुनावी समझौता करके अपनी कब्र अपने ही हाथ से खोद दी है। और यह कहते हुए कि—

दिल के फफोले जल उठे सीने के दाग से ,
इस घर को आग लग गई घर के चिराग से ।

और बाली साहब ने रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया से त्यागपत्र दे दिया।

श्री एल आर बाली साहब ने नागपुर के RPI नेता बाबू हरिदास आवड़े की अध्यक्षता में लखनऊ आकर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अंबेडकरवादी ) के नाम से अलग राजनीतिक दल गठन किया गया।
1967 के लोकसभा आम चुनाव में बाली साहब फिर से चुनावी मैदान में उतरे और जालंधर शहर से सामान्य सीट पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया 'अंबेडकरवादी' की ओर से तब के रक्षा मंत्री स्वर्ण सिंह के विरुद्ध चुनाव लड़ा। परंतु उस दौरान भी सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके बाली साहब को बेईमानी से चुनाव में हराया गया। अतः राजनीति में सफलता न मिलने के कारण बाली साहब ने सामाजिक और साहित्यिक रूप से ही बाबासाहेब अंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लिया। क्योंकि बाबा साहबके द्वारा लिखी गई उनकी पुस्तक "जाति - पाति की बीजनाश ( Annihilation of caste) " में कही गई बातों को उन्होंने महसूस किया कि — जब तक सामाजिक और धार्मिक क्रांति नहीं आ जाती , तब तक राजनीतिक क्रांति लाना अति असंभव है।
श्री बाली साहब ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक सैकड़ों दौरे किए , उन्होंने इंग्लैंड ,यू . के. कनाडा , अमेरिका , रूस , थाइलैंड , आस्ट्रेलिया , श्रीलंका जैसे देशों में कईयों यात्राएं किया । जिनमें उन्होंने हजारों जनसभाओं व रैलियों को संबोधित किया । युवा वर्गों में से मिशनरी - प्रचारक औरलेखक तैयार किए। उनकी संघर्ष और प्रेरणा से देश-विदेश में अनेकों बुद्ध विहारों और अंबेडकर भवनों व संग्रहालयों का निर्माण हुआ जिनमें पंजाब के जिला जालंधर शहर का विशाल अंबेडकर भवन उनकी उत्कृष्ट यादगार के रूप में विद्यमान है।
यहां तक कि सन् 1989 में भी मेरे गांव - औरंगाबाद ( कालोनी ), जिला - शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) में ग्राम प्रधान व कुछ दबंगों के द्वारा नई नई बस रही बस्ती (कालोनी) को उजाड़ने और वहां से गरीबों को भगाने का खूब प्रयास किया गया , समय - समय पर कॉलोनी के गरीब लोगों को परेशान किया जाता रहा। हमारे गांव के एक ग्रामवासी श्री चंद्रभूषण ने इस संबंध में बाली साहब से मदद की गुहार लगाई। श्रद्धेय बाली साहब ने उक्त प्रकरण को लेकर शाहजहांपुर के जिला प्रशासन को चिट्ठी लिख कर निर्दिष्ट किया और स्वयं बाली साहब हमारे गांव के दौरे पर आए । हमारे गांव के कुछ वरिष्ठ लोगों ने जैसे - श्री सुभाषचन्द्र कुशवाहा , श्री रामकुमार , श्री चंद्रभूषण , श्री पूरन लाल , श्री राम जुगन और स्व. श्री तेजन इत्यादि लोगों ने बाली साहब का भव्य स्वागत किया और बाली साहब ने एक विशाल आयोजित जनसभा को संबोधित किया। आदरणीय बाली साहब ने हमारे गांव को न्यायिक और प्रशासनिक सुरक्षा प्रदान करवाया और दबंगों द्वारा हमारे कालोनी वासियों के 53 पट्टों की जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा किए गए , जमीनों को वापस दिलाने का महानतम कार्य किया और उक्त दबंगों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही करवाने का भी उत्कृष्ट कार्य किया।

continue next page...

...continue page 14

14 अप्रैल , सन् 1991 में भारत सरकार ने बाबा साहब अंबेडकर राष्ट्रीय जन्म शताब्दी समिति का गठन किया और इस वर्ष , बाबा अंबेडकर का समय जन्म शताब्दी को सामाजिक न्याय वर्ष के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया। इस समिति के अध्यक्ष तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और उपाध्यक्ष श्री रामविलास पासवान थे। और इस समिति के सदस्य के रुप में श्री एल. आर. बाली साहब , श्री प्रकाश राव अंबेडकर , श्रीमती सविता अंबेडकर , चौधरी देवीलाल , शरद यादव , शरद पवार , जार्ज फर्नांडिस , चंद्रशेखर , विपक्ष के नेता , श्री लालकृष्ण आडवाणी , श्री राजीव गांधी , अटल बिहारी वाजपेई इत्यादि लोग थे। जब बाली साहब को इस समिति में बोलने का मौका मिला भारत सरकार से अपनी निम्नलिखित मांग और सुझाव पेश किए —

- डॉ अंबेडकर जयंती को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में घोषित किया जाए।
- तिलक मार्ग के बंगला नंबर एक को डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक के रूप में परिवर्तित किया जाए!
- समान नागरिक कानून बनाया जाए ।
- सभी शैक्षणिक संस्थानों में , सरकारी कार्यालयों में, न्यायालयों में और पंचायत घरों मेंबाबासाहेब अंबेडकर के चित्र लगाया जाए ।
- डॉ. अंबेडकर अवार्ड स्थापित किया जाए ।
- देश के विभिन्न भागों में डॉ आंबेडकर अकादमी स्थापित की जाएं प्रत्येक और विश्वविद्यालय में डॉ. अंबेडकर चेयर स्थापित किया जाए।
- डॉ. अंबेडकर की समस्त रचनाओं को हिंदी व क्षेत्रीय भाषा में प्रकाशित किया जाए और उनको कम मूल्य पर जनता को उपलब्ध कराया जाए।

लालकृष्ण आडवाणी ने अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान में प्रावधान की गई आरक्षण का विरोध किया। लालकृष्ण आडवाणी ने तो यहां तक कह दिया कि बाबा साहब अंबेडकर ने मात्र 10 वर्ष के लिए ही आरक्षण का प्रावधान किया था , और डॉ. अंबेडकर तो आरक्षण का विरोधी थे। आडवाणी के दलील व गलत - बयानी का उत्तर देना अत्यंत लाजमी था। बाली साहब ने सदन में घूमते सेवादारों के हाथ प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को लिखकर भेजा कि उन्हें बोलने का समय दिया जाए। इस पर प्रधानमंत्री ने रामविलास पासवान से सलाह किया । रामविलास पासवान बाली साहब के स्वभाव को भली-भांति जानते और समझते थे । यदि उन्हें समय न दिया गया तो बहुत गड़बड़ हो सकती है। इसलिए बोलने के लिए प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और रामविलास पासवान केद्वारा बाली साहब का नाम पुकारा गया।

बाली साहब ने आडवाणी और राजीव गांधी को आड़े हाथों लिया और उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर राजनीतिक आरक्षण की समय सीमा सुनिश्चित किया था ।शिक्षा और सरकारी सेवाओं मेंबाबा साहब ने आरक्षण का कोई समय सीमा सुनिश्चित नहीं किया था। अतः दलितों के आरक्षण पर किसी भी प्रकार का कोई आंच नहीं आना चाहिए। बस फिर क्या था आर. एस. गवई और योगेंद्र कवाड़े ने बाली साहब के समर्थन में उठ खड़े हुए । अतः बाली साहब के जवाब से लालकृष्ण आडवाणी और राजीव गांधी को सदन में ही मुंह की खानी पड़ गई।
बाबा साहब अंबेडकर राष्ट्रीय शताब्दी समिति की एक उपसमिति का गठन किया गया जिसका नाम Visual and publicity sub-committee था । इस समिति के अध्यक्ष श्री एल आर बाली साहब बने। इस उप समिति की अध्यक्षता में बाली साहब ने बाबा अंबेडकर के साहित्य और उन पर बनने वाली फिल्मों के लिए करोड़ों का बजट भारत सरकार से पास करवाया। बाबा साहब अंबेडकर पर बनी फिल्म , उनके द्वारा रचित हिंदी व अंग्रेजी में साहित्य का प्रकाशन इसी उप समिति और बाली साहब का ही देन है।

ऐसे असंख्य महानत कार्य हैं बाली साहब के जो लिखा जाए और वर्णन किया जाए तो एक बहुत बड़ी पुस्तक तैयार हो सकती है। यदि बाली साहब की विस्तृत रूप से उनका जीवन संघर्ष और अंबेडकर मिशन में उनके द्वारा की गई सेवा और उत्कृष्ट योगदानों को जानना हो तो उनकी लिखी गई पुस्तक "अंबेडकरी होने का अर्थ - आत्मकथा " सभी को पढ़ना चाहिए।
बाली साहब अक्सर अपने भाषणों में कहा करते थे कि - जो निष्ठावान और समर्पित अंबेडकरवादी होते हैं - वो ना तो कभी झुकते हैं , और ना ही कभी बिकते हैं और ना ही कभी रुकते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण स्वयं श्री एल आर बाली साहब हैं। वे बताते हैं कि - एक बार ज्ञानी जयल सिंह जी ( जो पंजाब के मुख्यमंत्री थे ! और भारत के राष्ट्रपति भी बने थे ) बगैर किसी सूचना के बाली साहब के घर पर आ धमके और 2 घंटे के वार्तालाप के दौरान ज्ञानी जयल सिंह ने बाली साहब से कहा , " और कितनी खाक ( मिट्ट ) छाननी है , "आ जाओ हमारे साथ ! मैं आपको बड़े से बड़े पद पर बिठाने का कार्य करूंगा।

बाली साहब ने ज्ञानी जयल सिंह को कहा कि — मैंने बाबा साहब अंबेडकर को वचन दिया है , किसी नत्थू खैरे को वचन नहीं दिया , वह वचन कैसे तोड़ दूं । मेरे जीवन का एक ही उद्देश्य है , " अंबेडकर मिशन की सफलता। " यदि बाली साहब की जगह पर कोई और व्यक्ति होता तो पद , प्रतिष्ठा और दौलत के लालच में आकर अपने सिद्धांतों का गला दबा देता जोकि वर्तमान समय में कई उदाहरण देखें भी जा सकते हैं। परंतु बाली साहब ने ऐसा नहीं किया। एक सिद्धांत पुरुष की तरह अपने सिद्धांतों पर डटे रहे और बाबा साहब अंबेडकर को दिए गए वचन को अपने जीवन के आखिरी सांस तक निभाते रहे।
7 अप्रैल 2023 को बाली साहब से मेरी अंतिम मुलाकात हुई , और लंबी वार्तालाप के दौरान मैंने बाली साहब को वचन दिया कि — हे बाली साहब जो वचन आपने बाबा साहब अंबेडकर को दिया है , वही वचन मैं आपको देता हूं कि मैं आप से प्रेरणा लेते हुए , अपने जीवन के आखिरी सांस तक एक समर्पण भाव से बाबा साहब अंबेडकर के मिशन में सेवा करता रहूंगा और उनके मिशन को आगे बढ़ाऊंगा। और 1 नवंबर 2022 को भी बाली साहब को मैंने बाबा साहब अंबेडकर के मिशन में आजीवन सेवा करने का वचन दिया था। बाली साहब ने पीठ पर हाथ रखते हुए शाबाशी दिया और उन्होंने कहा कि — मुझे विश्वास है कि तुम यह काम कर सकते हो , तुम्हारे अंदर ये क्षमता है , लेकिन तीन चीजों से हमेशा दूर रहना - स्त्री मोह , लालच और नशापान से , क्योंकि यह तीनों बुराइयां मनुष्य के चरित्र को नाश कर देती है।" और साथ ही बाली साहब जी ने मिशन के साथ साथ , मुझे अपनी पढ़ाई और अपने परिवार पर भी ध्यान रखने के लिए प्रतिबद्ध किया।

continue next page...

BHEEM PATRIKA
भीम पत्रिका
Vol.1, Issue 21

...continue page 15

बाली साहब अक्सर मुझे कहा करते थे कि - इंसान के रूप में पैदा हुए हो तो समय-समय पर इंसानियत का प्रमाण देना पड़ेगा । अन्यथा कुत्ता भी आता है , खाता है , पीता हैऔर मर जाता है। उसे कौन जानता है , उसे कौन पहचानता है , इसीलिए इस दुनिया से जाओ तो अपनी छाप छोड़ कर जाओ।

इन्हीं बातों को स्मरण करते हुए मेरा हृदय रह-रहकर कचोटता रहता है कि बाली साहब को अभी नहीं जाना चाहिए था । अभी उनसे बहुत सी मुलाकातें बाकी थी। अभी उनसे बहुत कुछ सीखना बाकी था। मैंने बाबासाहेब अंबेडकर का दर्शन तो नहीं किया , परंतु जो व्यक्ति ( बाली साहब) वर्षों तक बाबा साहब अंबेडकर के सानिध्य में रहे , और वर्षों तक मैं उनके सानिध्य में रहा , तथा मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । अतः इसके लिए हमेशा मैं अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता रहूंगा।

बाली साहब का इस मानव जगत से विदा होना , बाबासाहेब आंबेडकर के मिशन को बहुत ही गहरा क्षति पहुंचा है। बाली साहब की कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता । परंतु जो उनके आदर्श हैं , जो उनके सिखाए गए मार्ग हैं, उन आदर्शों का पालन करते हुए , उनके सिखाए गए सनमार्गों पर चलते हुए बाबासाहेब अंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। बाली साहब शारीरिक रूप से इस मानव जगत को अलविदा कह गये , परंतु जाते जाते हम सभी के कंधों पर उन्होंने बहुत बड़ा दायित्व सौप कर गये है और उस दायित्व को संपूर्ण करना और उसको सफल बनाना , ये हम सभी का नैतिक कर्तव्य बनता है।

मैं यह आश्वस्त कर देना चाहता हूं कि मेरे आदर्श गुरु बाली साहब जीवित हैं और हमेशा जीवित रहेंगे — हमारे आचरण में , हमारे आदर्श में , हमारे व्यवहार में , हमारे भाषणों में , हमारे व्यक्तित्व में , हमारे चरित्र में , हमारी लेखनी में , साहित्य में , और हमारी अंतरात्मा व मनो - मस्तिष्क में। इस महान व्यक्तित्व का अंत कभी नहीं हो सकता।

इसलिए हे बाली साहब ,, मुझे अब भी यह विश्वास नहीं कि आप हमें छोड़कर चले गए.........................................

**हम कैसे कहें अलविदा आपको ..........**

हयाते [1]- नौ की अभी तक उमंग बाकी है
सियाहियों[2] से उजालों की जंग अभी बाकी है

[1]नवजीवन
[2] अंधेरा शोषण व अन्याय इत्यादि

**लेखक - रंजीत कुमार गौतम**
B.A. , M.A. (Political science and International Relations )
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, पता — गांव औरंगाबाद ,
जिला - शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश)
मोबाइल - 8451873358

## Remembering Sh. Balley Ji...

Though the writer of this line is a day late to see the above Dr. Rahul's message I felt as shocked as I was when the lion of men or marde-kamiil, to use the phraseoly of Allama Iqbal for Hon'ble **L.R. Ballley Saheb, Editor Bheem Patrika**, disappeared from his earthly existence. I heard his lectures and his oratory were like a fusilade targetting the hearts of the audience and the brains of the intellectuals.

He continued to send me at Dr. Ambedkar University, Mhow, M.P. , the Reputed Bheem Patrika Weekly in Hindi.

Once Balley Saheb invited me to Jalandhar for the national Samata Sainik conference and Dr. RAHUL Kumar Balley, elder son, himself drove me there and that was my last Darshan of Balley ji.

HON'ble Balley ji used to tell me " Naik Sir, I keep on sending to you this Bheem Patrika not without purpose. I have you as the senior Professor in my mind as a friend, philosopher and guide for our mission.' I was speechless when he uttered these words.

Balley ji was a Buddhist Dharmakirti of modern India and a voice of the international awakened society. Bheem Patrika continues to fulfill this mission-mode journalism through Balley's deserving legacy represented by Rahul and Anand as not only his twin sons but like the Buddha's chief disciples, Sariputra and Maudagalyayana indeed.

Last but not the least Balley ji was proud of the Punjabi Buddhist monk and scholar and my preceptor Bhadant Anand Kausalyayan and he fearlessly stood by Bhanteji during adversities of Deeksha Bhoomi Nagpur.

My heartfelt tribute to him on the occasion of this his first memorable anniversary after his parinirvana last year.

**--C.D. Naik (Former VC-Dr. Bhimrao Ambedkar University of Social Sciences (BRAUSS), M.P )**

## Remembering Sh. L. R. Balley Ji...

Respected **Lahori Ram Balley ji** a founder trustee of Ambedkar Bhawan Trust( Regd) was a great Ambedkarite and Buddhist. He fought for the rights of the Dalits. He sacrificed his whole life for the mission of Baba Saheb Dr Ambedkar. I personally learnt many things from him. He was a well read person who authored several books.

**- Prof. G.C. Kaul**


# Memories of Sh. L. R. Balley

## श्री एल.आर. बाली जी को श्रद्धांजलि

जब तक सूरज चांद रहेगा, बाली जी का नाम रहेगा

**श्री एल.आर. बाली जी** 6 जुलाई 2023 को हमसे शारीरिक रूप से जुदा हो गए, लेकिन बाली साहब ने समाज के लिए जो कार्य किए हैं, उसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। बाली साहब का नाम जालंधर के अंबेडकर भवन, भीम पत्रिका और समता सैनिक दल से जुड़ा है, जिसके कारण बाली साहब की स्मृति चिरस्थायी हो गई है। बाली साहब 6 साल तक बाबा साहब डॉ. अंबेडकर द्वारा गठित राजनीतिक दल "रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया" के राष्ट्रीय महासचिव रहे। उन्हें 6 साल तक बाबा साहब के चरणों में रहकर सीखने का गौरव प्राप्त है। बाली साहब ने 30 सितंबर 1956 को बाबा साहब डॉ. अंबेडकर से वादा किया था कि वे अपनी अंतिम सांस तक उनके मिशन की सेवा करेंगे। 6 दिसंबर 1956 को बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर बाली साहब ने अपनी स्थायी सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और बाबा साहब के मिशन के प्रचार में जुट गए। वे अंबेडकर मिशन के प्रचार के लिए देश-विदेश में गए। उन्होंने 100 से अधिक पुस्तकें लिखीं। उनके द्वारा चलाई जाने वाली पत्रिका भीम पत्रिका को सबसे लंबे समय तक चलने वाली अंबेडकर मिशनरी पत्रिका होने का गौरव प्राप्त है। यह संतोष की बात है कि उनके दोनों बेटे डॉ. राहुल बाली और श्री आनंद बाली उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने अंबेडकर मिशन के प्रचार के लिए अंबेडकर मिशन सोसाइटी की स्थापना की, जो जालंधर के अंबेडकर भवन से संचालित हो रही है। उन्होंने जालंधर में एक आलीशान अंबेडकर भवन बनाकर बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर की ऐतिहासिक यादगार स्थापित की है, जहां तथागत गौतम बुद्ध की खड़ी प्रतिमा और बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा भी स्थापित की गई है, जिससे श्री एल.आर. बाली जी की स्मृति चिरस्थायी हो गई है और जब तक सूरज चांद रहेगा, बाली जी का नाम रहेगा। अंबेडकर मिशन सोसायटी पंजाब (रजि.) श्री एल.आर. बाली जी को श्रद्धांजलि अर्पित करती है ।

**बलदेव राज भारद्वाज -** महासचिव, अंबेडकर मिशन सोसायटी पंजाब (रजि.)



**Respected Balley** was a great, fearless leader. I had the honor to spend most of the time with him when he was sick due to hairline fracture.
During my services in Bank of India and after retirement, I used to proof reading Bheem Patrika, books which helped me to understand **Bharat Ratna Baba Saheb Dr B.R. Ambedkar** and his social, political and economic philosophy.
I found **Balley Saheb** a critical thinker and writer. His books are based on research. I found also that each and very volume of Baba Saheb Dr Ambedkar writings and speeches was well read and marked by Balley in his big library.
I found Balley a simple, dedicated and honest leader who always came forward to tread dangerous path for gaining justice for Dalit samaj .

Balley Saheb throughout his life fought for the rights of socially and economically backward people. From Talan village agitation to various other political agitations in Punjab I was always with him. Today, I feel sad when he is not among us. Today, I feel that Ambedkar movement which was led by him has lost a charismatic, fearless leader. Today, I feel myself proud that Balley chose me and delegated a duty to pay back to the society as a trustee of Ambedkar Bhawan Trust(Regd), Jalandhar. Today, I miss him.

**- Baldev Raj Bhardwaj**

BHEEM PATRIKA
भीम पत्रिका
Vol.1, Issue 21
July, 2025


# Memories of Sh. L. R. Balley




**श्री आनंद तेलतुम्बड़े** अंबेडकर भवन जालंधर पर 23 जून, 2018 शाम को पधारे. **श्रीमती सुदेश कल्याण** ने गुलदस्ता भेंट करके उनका स्वागत किया. साथ खड़े हैं **श्री एल. आर. बाली, बलदेव राज भरद्वाज एवं श्रीमती एच. डी. सांपला**.



Memorial Pictures with **Shri L.R. Balley**, renowned ambedkarite, fearless speaker, great thinker, Founder Trustee of Ambedkar Bhawan Trust Jalandhar, revivalist of All India **Samata Sainik Dal** and **Chief Editor of Bheem Patrika.**



प्रसिद्ध अंबेडकरवादी एवं बौद्ध **श्री एल.आर. बाली और डॉ. सुरेन्द्र अज्ञात** 14 अप्रैल, 2014 को भारत रतन बाबासाहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती समारोह के अवसर पर ऐतिहासिक स्थल अंबेडकर भवन, डॉ. अंबेडकर मार्ग, जालंधर में जनता को संबोधित करते हुए।



# Memories of Sh. L. R. Balley



यह वह अवसर है जब हमने 20 जुलाई, 2012 को श्री एल.आर. बाली जी का जन्मदिन मनाया। बुद्ध बंदना, त्रिशरण और पंचशील का पाठ किया गया। अब हमें पापाजी **श्री एल.आर. बाली** जी और **बीजी श्रीमती अजीत कौर** बाली दोनों की याद आती है।

**-श्री बलदेव राज भारद्वाज**

To **Shri Lahori Ram Bali ji**, a great writer, journalist, influential speaker, eminent political donor, social worker, founder of Bhim Patraka and publisher of secular books, author and editor
Many salutations on the occasion of his upcoming birthday on 20th July.
-**Meenu Chandhar Dhir**








Many many salutes to a great writer, journalist, influential speaker, eminent political donor, social worker, founder of Bhim newspaper and publisher of secular books, author and editor **Shri Lahori Ram Bali** ji on the occasion of his birth anniversary.
--**Seema Klair**

# Memories of Sh. L. R. Balley



**अखिल भारतीय समता सैनिक दल** पंजाब (रजि.) द्वारा 13 मार्च, 2016 को अंबेडकर भवन, नवांशहर (शहीद भगत सिंह नगर) में अपना 89वां स्थापना दिवस मनाए जाने के अवसर पर ली गई यादगार तस्वीर। तस्वीर में दल के सदस्यों के साथ **श्री एल.आर. बाली, डॉ. सुरेन्द्र अज्ञात, सुभाष मुसाफिर और भीष्म पाल सिंह** जैसे व्यक्तित्व दिखाई दे रहे हैं। हरियाणा से श्री राम कुमार मंडल भी अपनी टीम के साथ आए थे। **-श्री बलदेव राज भारद्वाज**




Founder of **Ambedkar Bhawan, Chief Editor Bheem Patrka Shri L. R. Balley** on the occasion of Foundation Stone Laying Ceremony of '**Ramabai Ambedkar Yadgar Hall' at Ambedkar Bhawan, Jalandhar**.

**-Sh. Baldev Raj Bhardwaj**



Memorial Picture at Peace **Pagoda at Phillaur Distt. Jalandhar** on 24.11.2013 with **Shri L. R. Balley ji.**

**-श्री बलदेव राज भारद्वाज**



**Mr. Naresh Khokhar,** Secretary (North), All India Samata Sainik Dal (Regd.) Presented a portrait to **Shri L R Balley** on 17 June, 2023 at Jalandhar.

**-Sh. Baldev Raj Bhardwaj**

**Photo: from left to right:**
**Amb. Ramesh Chander, Prof Ajit Chahal,**
**Sh. L.R. BALLEY, Editor Bheem Patrika and CD Sandhu.**



BHEEM PATRIKA

भीम पत्रिका

Vol.1, Issue 21

# Memories of Sh. L. R. Balley









प्रसिद्ध अंबेडकरी लेखक और विद्वान **डॉ सूरज येंगड़े** (हार्वर्ड यूनिवर्सिटी यूएसए) अपनी टीम के साथ 08 मई, 2023, सोमवार (शाम) को प्रसिद्ध अम्बेडकरवादी और 65 साल पुराने मौजूदा समाचार पत्र 'भीम पत्रिका' के संपादक श्री एलआर बाली से मिलने जालंधर स्थित उनके आवास पर पहुंचे और उनके साथ करीब एक घंटा बिताया। **-श्री बलदेव राज भारद्वाज**



ਜਲੰਧਰ ਜਾਗਰ

## ਬਾਲੀ ਕੌਮਾਂਤਰੀ ਐਵਾਰਡ ਨਾਲ ਸਨਮਾਨਿਤ

### ਉੱਘੇ ਅੰਬੇਡਕਰਵਾਦੀ, ਲੇਖਕ ਤੇ ਚਿੰਤਕ ਨੇ ਬਾਲੀ

ਮਹਿੰਦਰ ਰਾਮ ਫੁਗਲਾਣਾ, ਜਲੰਧਰ


ਅੰਬੇਡਕਰ ਐਸੋਸੀਏਸ਼ਨ ਆਫ ਨੌਰਥ ਅਮਰੀਕਾ (ਆਨਾ) ਨੇ ਉੱਘੇ ਅੰਬੇਡਕਰਵਾਦੀ, ਲੇਖਕ, ਚਿੰਤਕ ਅਤੇ ਭੀਮ ਪੱਤ੍ਰਿਕਾ ਦੇ ਸੰਪਾਦਕ ਲਾਹੌਰੀ ਰਾਮ ਬਾਲੀ ਨੂੰ 'ਡਾ. ਅੰਬੇਡਕਰ ਇੰਟਰਨੈਸ਼ਨਲ ਲਾਈਫਟਾਈਮ ਅਚੀਵਮੈਂਟ ਐਵਾਰਡ' ਦੇਣ ਦਾ ਐਲਾਨ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਇਹ ਜਾਣਕਾਰੀ ਅੰਬੇਡਕਰ ਮਿਸ਼ਨ ਸੁਸਾਇਟੀ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਜਨਰਲ ਸਕੱਤਰ ਵਰਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ ਨੇ ਦਿੱਤੀ। ਵਰਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਐੱਲਆਰ ਬਾਲੀ ਨੇ ਐਵਾਰਡ ਪ੍ਰਵਾਨ ਕਰਦਿਆਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਆਨਾ ਇੱਕ ਅਜਿਹੀ ਸੰਸਥਾ ਹੈ ਜੋ ਸਮਾਜ ਸੇਵਾ ਲਈ ਸਮਰਪਿਤ ਵਿਅਕਤੀਆਂ ਦੀ ਪਛਾਣ ਕਰਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸਨਮਾਨ ਕਰਦੀ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਆਨਾ ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਡਾ. ਅੰਬੇਡਕਰ ਦੇ ਮਿਸ਼ਨ ਦਾ ਪ੍ਰਚਾਰ ਤੇ ਪ੍ਰਸਾਰ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ। ਗਰੀਬ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਦੀ ਸਹਾਇਤਾ ਕਰਨ ਦੇ ਨਾਲ ਨਾਲ ਉਹ ਸਮਾਜ ਭਲਾਈ ਦੇ ਕੰਮਾਂ 'ਚ ਵੱਧ-ਚੜ੍ਹ ਕੇ ਯੋਗਦਾਨ ਪਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਭਾਰਤ ਵਿਚ ਕੋਰੋਨਾ ਵਾਇਰਸ ਦੀ ਮਹਾਮਾਰੀ ਦੌਰਾਨ ਆਨਾ ਨੇ ਸੁੱਕਾ ਰਾਸ਼ਨ ਸਮੱਗਰੀ ਵੰਡ ਕੇ ਹਜ਼ਾਰਾਂ ਹੀ ਜ਼ਰੂਰਤਮੰਦ ਪਰਿਵਾਰਾਂ ਦੀ ਸਹਾਇਤਾ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਵਰਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ ਨੇ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਅੰਬੇਡਕਰ ਐਸੋਸੀਏਸ਼ਨ ਆਫ ਨੌਰਥ ਅਮਰੀਕਾ ਨੇ 23-24 ਮਈ ਨੂੰ ਆਪਣੇ 2 ਦਿਨ ਦਾ ਆਨਲਾਈਨ ਸਾਲਾਨਾ ਸਮਾਗਮ ਦੌਰਾਨ ਯੂ ਐਸ ਏ ਤੋਂ ਕੀਤਾ ਜਿਸ ਵਿਚ ਦੇਸ਼ ਵਿਦੇਸ਼ ਤੋਂ ਵੱਡੀ ਗਿਣਤੀ ਵਿਚ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਸ਼ਿਰਕਤ ਕੀਤੀ।

ਲਾਹੌਰੀ ਰਾਮ ਬਾਲੀ।

ਸਮਾਗਮ ਦਾ ਆਰੰਭ ਸਤਿਕਾਰਤ ਭੰਤੇ ਵਿਮਲਕੀਰਤੀ ਗੁਨਸੀਰੀ ਜੀ ਦੇ ਪ੍ਰਵਚਨਾਂ ਨਾਲ ਹੋਇਆ। ਸਮਾਗਮ ਵਿਚ ਆਨਾ ਦੇ ਪ੍ਰੈਜ਼ੀਡੈਂਟ ਪੰਕਜ ਮੇਸ਼ਰਾਮ ਨੇ ਉੱਘੇ ਅੰਬੇਡਕਰਵਾਦੀ, ਲੇਖਕ, ਚਿੰਤਕ ਅਤੇ ਭੀਮ ਪੱਤ੍ਰਿਕਾ ਦੇ ਸੰਪਾਦਕ ਲਾਹੌਰੀ ਰਾਮ ਬਾਲੀ ਨੂੰ ਡਾ. ਅੰਬੇਡਕਰ ਇੰਟਰਨੈਸ਼ਨਲ ਲਾਈਫਟਾਈਮ ਅਚੀਵਮੈਂਟ ਐਵਾਰਡ ਦੇਣ ਦੀ ਘੋਸ਼ਣਾ ਕੀਤੀ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਹੋਰ ਤਿੰਨ ਐਵਾਰਡ ਡਾ. ਆਰ ਐਸ ਪ੍ਰਵੀਨ ਆਈਪੀਐਸ ਨੂੰ ਡਾ. ਅੰਬੇਡਕਰ ਇੰਟਰਨੈਸ਼ਨਲ ਐਵਾਰਡ, ਮੰਜੁਲਾ ਪ੍ਰਦੀਪ ਨੂੰ ਸਾਵਿਤਰੀਬਾਈ ਫੂਲੇ ਇੰਟਰਨੈਸ਼ਨਲ ਐਵਾਰਡ ਅਤੇ ਦਲਿਤ ਦਸਤਕ ਨੂੰ ਮੂਕ ਨਾਇਕ ਐਕਸੀਲੈਂਸੀ ਇਨ ਜਰਨਲਿਜ਼ਮ ਐਵਾਰਡ ਦੇਣ ਦੀ ਵੀ ਘੋਸ਼ਣਾ ਕੀਤੀ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਆਨਾ ਜੋ ਵੀ ਡਿਊਟੀ ਲਗਾਏਗੀ, ਉਸ ਨੂੰ ਤਨਦੇਹੀ ਨਾਲ ਨਿਭਾਵਾਂਗੇ। ਵਰਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਬਾਲੀ ਨੂੰ ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਡਾ. ਬੀ. ਆਰ. ਅੰਬੇਡਕਰ ਨਾਲ 6 ਸਾਲ ਸੰਪਰਕ ਵਿੱਚ ਰਹਿਣ ਦਾ ਮਾਣ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੈ। ਉਹ 1958 ਤੋਂ ਨਿਰੋਲ ਮਿਸ਼ਨਰੀ ਅਖ਼ਬਾਰ 'ਭੀਮ ਪੱਤ੍ਰਿਕਾ' ਦੇ ਸੰਪਾਦਕ ਹਨ।

ਆਲ ਇੰਡੀਆ ਸਮਤਾ ਸੈਨਿਕ ਦਲ ਦੇ ਮਾਧਿਅਮ ਤੋਂ ਬਾਲੀ ਦੇ ਸੰਘਰਸ਼ ਨਾਲ ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਡਾ. ਅੰਬੇਡਕਰ ਦੀਆਂ ਅਣਛਪੀਆਂ ਪਾਂਡੂਲਿਪੀਆਂ 'ਡਾ. ਬਾਬਾ ਸਾਹਿਬ ਅੰਬੇਡਕਰ ਰਾਈਟਿੰਗਜ਼ ਐਂਡ ਸਪੀਚਿਸ ਦੇ ਰੂਪ ਵਿਚ ਛਪੀਆਂ ਹਨ।

ਅੰਬੇਡਕਰ ਭਵਨ ਟਰੱਸਟ ਜਲੰਧਰ ਦੇ ਵਿੱਤ ਸਕੱਤਰ ਬਲਦੇਵ ਰਾਜ ਭਾਰਦਵਾਜ ਨੇ ਵੀ ਸਮਾਗਮ ਵਿਚ ਸ਼ਿਰਕਤ ਕੀਤੀ। ਆਨਲਾਈਨ ਸਮਾਗਮ ਨੂੰ ਸਫ਼ਲ ਬਣਾਉਣ ਵਾਸਤੇ ਆਨਾ ਦੇ ਪ੍ਰਮੁੱਖ ਕਾਰਕੁਨ ਸੰਜੇ ਭਗਤ, ਰਜਿੰਦਰ ਬੱਧਣ ਅਤੇ ਹੋਰ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਪ੍ਰਬੰਧਾਂ ਵਿਚ ਸਹਿਯੋਗ ਕੀਤਾ।




A Copy of Souvenir-2023 published by **All India Samata Sainik Dal (Regd.)** Punjab Unit was presented to Shri Darshan Lal Jethumazara, ex member SSSB Punjab. **Shri L R Balley** and **Baldev Raj Bhardwaj** are seen with in the pic.



एक यादगार पल,

आदरणीय **अल आर बाली जी** द्वारा अपनी आत्म कथा अम्बेडकरी होने का अर्थ मुझे दी।।


-Naresh Khokhar

BHEEM PATRIKA
भीम पत्रिका
Vol.1, Issue 21

# Memories of Sh. L. R. Balley







पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से पीएचडी रिसर्च **स्कॉलर मिस संदीप कौर** ने आज प्रसिद्ध अम्बेडकराइट लेखक, विचारक और संपादक भीम पत्रिका **श्री एल आर बाली** के पास अपने शोध के विषय की जानकारी और तथ्य एकत्र करने के लिए दौरा किया। श्री बाली जी ने आवश्यक अधिकतम जानकारी प्रदान की और अपनी आत्मकथा 'अम्बेडकरी होने का अर्थ' और एक अन्य पुस्तक "अम्बेडकर दे महान कारज" मिस संदीप कौर को भेंट की। वह अंबेडकर भवन भी गईं और बुद्ध की मूर्ति से बहुत प्रभावित हुईं। **-श्री बलदेव राज भारद्वाज**





कल 18.06.2022, अमरावती (महाराष्ट्र) के ग्यारह बौद्ध उपासक प्रसिद्ध अंबेडकरवादी **एल आर बाली** से उनके आवास जालंधर (पंजाब) में मिलने आए। उन्होंने बाली जी के साथ बौद्ध धर्म के बारे में कई बातों पर चर्चा की। बाली जी ने उन्हें बौद्ध विचारधारा के साथ समुदाय की सेवा करने का आशीर्वाद दिया और उन्हें अपनी आत्मकथा '**अंबेडकरी होने का अर्थ**' भी भेंट की। **-श्री बलदेव राज भारद्वाज**



**Dr. Suraj Yengde**

**L. R. Balley c**ontributed to the continuance of Dr Ambedkar's thought and legacy. It is to his credit that a generation of Punjabi Dalits embraced Dr Ambedkar's path of Buddhism and maintained his legacy without faults. The work for the next generation is yet to happen since the propagation of Bahujan history is limited to digital avenues. The print culture of Bahujan media needs sponsorship and support by the patrons who see a possibility of a collective future. I was honored to start a National Award in honor of Mr. Balley when he was alive. Our intention behind this was to recognize the young man's service that he contributed to our history and our movement. We also need capable generals like Balley to take us through the tumult of cultural and intellectual imbalance that we face in the rising age of anger and distrust.

ਲਾਹੌਰੀ ਰਾਮ ਬਾਲੀ (1930–2023) ਜੀ ਨੇ ਆਪਣਾ ਪੂਰਾ ਜੀਵਨ ਡਾ. ਬੀ.ਆਰ. ਅੰਬੇਡਕਰ ਦੇ ਆਦਰਸ਼ਾਂ ਨੂੰ ਸਮਰਪਿਤ ਕਰ ਕੇ ਸਮਾਜਿਕ ਨਿਆਂ ਅਤੇ ਬਰਾਬਰੀ ਦੇ ਅਧਿਕਾਰਾਂ ਲਈ ਅਣਥੱਕ ਮਿਹਨਤ ਕਰਦਿਆਂ ਬਿਤਾਇਆ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਦੇਹਾਂਤ 6 ਜੁਲਾਈ, 2023 ਨੂੰ 93 ਸਾਲ ਦੀ ਉਮਰ ਵਿੱਚ ਹੋਇਆ। ਆਪ ਨੇ ਸਰਗਰਮੀ ਅਤੇ ਲੀਡਰਸ਼ਿਪ ਪ੍ਰਤੀ ਆਪਣੀ ਅਟੁੱਟ ਵਚਨਬੱਧਤਾ ਦੁਆਰਾ ਇੱਕ ਸਥਾਈ ਪ੍ਰਭਾਵ ਛੱਡਿਆ, ਜਿਸਨੇ ਪੰਜਾਬ, ਭਾਰਤ ਅਤੇ ਵਿਸ਼ਵ ਪੱਧਰ ਤੇ ਅਣਗਿਣਤ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਪ੍ਰੇਰਿਤ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਡਾਕਟਰ ਅੰਬੇਡਕਰ ਜੀ ਦੀ ਵਿਚਾਰਧਾਰਾ ਦੇ ਨਾਲ ਜੋੜਿਆ।

**- Prof Bharat Bhushan**

# Family Memories of Sh. L. R. Balley



RESPECTED FATHER SAHEB WITH FAMILY MEMBERS IN TORONTO, CANADA







RESPECTED FATHER SAHEB WITH HIS YOUNGER SON ANAND BALLEY IN TORONTO, CANADA.




MRS SUJATA SALLAN AND MRS MONICA SITTING WITH LAHORI RAM BALLEY.



SHRI LAHORI RAM BALLEY JI WITH DR H.L VIRDEE AND HIS WIFE , LONDON IN 1976.





SH. L. R. BALLEY AT AMBEDKAR HALL, SOUTHALL, WEST LONDON.

BHEEM PATRIKA
भीम पत्रिका
Vol.1, Issue 21

# Donations





Sh. B. C. Jhuria

**श्री बी सी झुरिया** द्वारा ₹ 500/- एवं **श्री सोहन पाटिल जी** द्वारा ₹ 500/- की राशि का भीम पत्रिका को अपना सहयोग प्रदान करने पर हम इनका हार्दिक बधाई के साथ बहुत-बहुत साधुवाद ज्ञापित करते हैं



Shri Sohan Patil







VANSHAJ SPICES
REQUIRES
DISTRIBUTORS & WHOLESALERS
ON
PAN INDIA BASIS

**Nothing outside of you has power over you. You decide how you think , feel and do things in your life. Take full ownership and become free.**
- Gautam Buddha

## बुद्ध के अनित्यता का सिद्धांत.

(1) बुद्ध के अनित्यता के सिद्धांत की पुष्टि हो गई.
(2) विज्ञान ने इस बात को सिद्ध कर दिया है कि विश्व की गति (चीजों के) मेल से किसी चीज के बनने, उनके फिर खंडित हो जाने तथा पुनः मिलने के नियमों पर आधारित हैं.
(3) आधुनिक विज्ञान बुद्ध के अनित्यता तथा अनात्मवाद के सिद्धांत की प्रतिध्वनि है.
(संदर्भ-डॉ बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा लिखित जगत प्रसिद्ध महान् ग्रंथ- "बुद्ध और उनका धम्म" में वर्णित बुद्ध की शिक्षाऐं).

## The Buddha's Doctrine of Anicca (transitoriness).

(1) The Buddha's doctrine of Anicca (transitoriness) is confirmed.
(2) Science has proved that the course of the universe is a grouping and dissolution and regrouping.
(3) Modern science is the echoing of the Buddhist doctrine transitoriness (anicca) and egolessness (anatta).
(Ref.-Teachings of Buddha in the world famous book-"The Buddha And His Dhamma" written by Doctor Babasaheb Ambedkar).

## धम्म प्रभात !

"राग (आसक्ति) के समान आग नहीं है, द्वेष (बुरा सोचना/ अहित करना) के समान पाप (बुरे कार्य) नहीं. इस शरीर धारण (पंच स्कंध- रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान) के समान कोई बड़ा दु:ख नहीं और निर्वाण (शांति) से बढ़कर सुख नहीं."- बुद्ध {सुख वर्ग (धम्मपद-202)}.
-----
There is no fire like passion, there's no crime like hatred. There is no pain like this body and there is no happiness higher than the peace of liberation (Nibbana).-Buddha.





ज्ञान इतना विस्तृत, बहुअंगी व बहुरंगी हैं कि हमें यह जानना चाहिए कि हम सब कुछ नहीं जानते हैं. सारा ज्ञान उधार में लिया हुआ है, दूसरों से प्राप्त किया है. ऐसे ज्ञान से हम अपने को ज्ञान संपन्न तो बना सकते हैं, परंतु अंदर की अनुभूति नहीं होती है, अत: उससे प्राप्त करो, उस अंतर्मन के दीप को प्रज्जवलित करो, प्रकाशित करो. ज्योंही ज्ञान में अपनी अनुभूति जुड़ जाती है, मन की वीणा झंकृत हो उठती है, सारे भाव खत्म हो जाते हैं, व्यक्ति निर्भय हो जाता है. ज्ञान हमेशा ज्ञान का आभास देता है और हमें धोखा होता रहता है कि हम ज्ञान- वान हैं, जब तक उसमें अपना अनुभव, अपनी अनुभूति, अपना अहसास नहीं जुड़ता है, अंतर्दृष्टि पैदा नहीं होती है और इस प्रकार ऐसा ज्ञान हमारी अज्ञानता ही होती है. अज्ञानता के इस आवरण को फेंक दो, अंदर के अंतर्दीप को प्रकाशमान करो.
(संदर्भ-बौद्ध/ अंबेडकरी विद्वान् प्रोफेसर ताराराममजी द्वारा रचित जगत प्रसिद्ध व लोकप्रिय महान् ग्रंथ-"धम्मपद- गाथा और कथा" (सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित प्रथम संस्करण 2006 में) एवं बौद्ध/अंबेडकरी व विपस्सी साधक डॉ एम एल परिहार साहब, पाली, जयपुर द्वारा उसे पुनः प्रकाशित (द्वितीय संस्करण 2019) में वर्णित बुद्ध की धम्म- देशनाएं).
**...प्रस्तुति- एस आर शौर्य, जोधपुर.**


## मास्टर शिंगयुन की बुद्ध की शिक्षाएं-

आज हम ऐसे समय में रह रहे हैं, जबकि विज्ञान और अर्थव्यवस्था ने इतना धन-दौलत पैदा कर दिया हैं और ऐसी-ऐसी अद्भुत खोजें कर दी हैं कि यह कल्पना कर पाना कठिन है कि कल क्या होगा ? अपने युग के लाभों का आनंद लेते हुए, हमें यह सोचना होगा कि किस प्रकार यें भौतिक प्राप्तियां विश्व के लोगों के नैतिक व्यवहार को प्रभावित कर रही हैं. संसार इतना पेंचीदा हो गया है कि व्यक्ति अपने यथार्थो को चुनने और निजी अनुभवों के आधार पर वे निजी निर्धारण के तौर पर यह निर्णय कर सकता है कि क्या सही है और क्या गलत हैं? जब लोग खुद यह फैसला कर लेते हैं कि क्या सही है और क्या गलत है, तो वे ऐसे फैसलें कर लेते हैं जो उनके लिए और दूसरों के लिए हानिकारक प्रभाव डालने वाले होते हैं.


# Books in English















# Books in Punjabi









































## Disclaimer


Views expressed in the article are personal" means that the opinions and perspectives presented within the article belong solely to the author and do not necessarily reflect the views of Bheem Patrika . it's a disclaimer stating that the writer is expressing their own personal thoughts and not speaking on behalf of anyone else.


# Book in GERMAN










# Books in Hindi


















































BHEEM PATRIKA
भीम पत्रिका
Vol.1, Issue 21
July, 2025
जन्मदिन विशेषांक



# Books in Hindi



































## Contact Us:

**Bheem Patrika Publications**

ES-393-A, Abadpura,
Jalandhar city
Distt. Jalandhar 144003

Mob. - +91 - 96671 01963
E-mail - rkumar1100e@gmail.com
Web. - https://bheempatrika.in

## अस्वीकरण

लेख में व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं" का अर्थ है कि लेख के भीतर प्रस्तुत राय और दृष्टिकोण पूरी तरह से लेखक के हैं और जरूरी नहीं कि भीम पत्रिका के विचारों को प्रतिबिंबित करें। यह एक अस्वीकरण है जिसमें कहा गया है कि लेखक अपने निजी विचार व्यक्त कर रहे हैं और किसी और की ओर से नहीं बोल रहे हैं।